दलगत राजनीति से दूर रहें छात्र :श्रीमती सज्जन कटारा

ये आह्वान प्रधान गिर्वा पंचायत समिति, पूर्व विधायकऔर माननीय सदस्य -प्रबंधन मंडल ,महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय श्रीमती सज्जन देवी कटारा ने अपने उद्बोधन में किया। आप महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यवहारिक विज्ञान महाविद्यालय के छात्रसंघ कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहीं थीं। आपने छात्रों को समाज का भावी करणधारा बताते हुए कहा की छात्रसंघ किसी भी संस्था की अहम् इकाई होती है जिन पर समाज कल्याण का उत्तरदायित्व होता है।

अध्यक्षता करते हुए ,महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्णाटक ने कहा की छात्र किसी भी संस्था की अहम धुरी होते हैं जिनसे समाज की दशा और दिशा निर्धारित होती है। आपने महाविद्यालय के पुराने नाम गृह विज्ञान को बदल कर सामुदायिक और व्यावहारिक विज्ञान करने का ज़िक्र करते हुए वर्तमान दौर में पाठ्यक्रम के पांचों विषयों यथा खाद्य विज्ञान एवं पोषण , मानव विकास अवं पारिवारिक अध्ययन ,वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन ,संसाधन प्रबंधन और उपभोक्ता विज्ञान तथा प्रसार शिक्षा और संचार प्रबन्धन विषयों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए समुदाय के विकास में इनकी महती ज़रूरत बताई। आयोजकों को कार्यक्रम की सफलता की बधाई देते हुए ख्यात नाम शायर राहत इंदौरी साहब के मशहूर शेर "तूफानों से आँख मिलाओ ,सैलाबों पर वार करो ,मल्लाहों का चक्कर छोड़ो ,तैर कर दरिया पार करो " के माध्यम से युवाओं में ऊर्जा संचरण किया।

कार्यकारी अधिष्ठाता डॉ धृति सोलंकी ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी विजेताओं को बधाई प्रेषित करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की . विशिष्ट अतिथि डॉ . विवेक कटारा ,सदस्य -अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और राष्ट्रीय समन्वयक ,अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस ने विश्विद्यालय द्वारा किये गए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा की भावी राजनेताओं को तैयार करने में चारसंघ चुनाव और जनप्रतिनिधि महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आयोजन सचिव ,सह अधिष्ठाता -छात्र कल्याण डॉ . गायत्री तिवारी ने युवा शब्द का उलट वायु के उदाहरण से समझाते हुए कहा की जो हवा आपको ऊपर ले जाती है वही नीचे पटकने का भी दम रखती है ,इसलिए कभी भी घमंड या दम्भ न करते हुए अपने लक्ष्यों की ओर सकारात्मक विचार ,व्यवहार ,कार्य से बढ़ते रहें। महा सचिव श्री प्रदीप सेहरा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा की सीनियर छात्र ओर जनप्रतिनिधियों की रहनुमाई से हम कायाकल्प कर सकते हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री दिनेश पटेल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ,उदयपुर , डॉ. बी एल बाहेती – डी. आर. आई. विश्वविद्यालय की पूर्व छात्र कल्याण अधिकारी डॉ सुमन सिंह ,प्रोफेसर एमेरिटस , विभागाध्यक्ष सहित संयुक्त सचिव एवं कोषाध्यक्ष सुश्री ब्रान्वी आहूजा ,छात्र प्रतिनिधि शिवराज सिंह चौहान , अभिनन्दन पारीक,ऋतुराज सिंह ,जीतेन्द्र चौधरी ,ममता रानी ,आशा वर्मा तथा विश्व विद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

COLLEGE LEVEL STUDENT UNION
CLSU PRESIDENT
COLLEGE LEVEL STUDENT UNION
GENERAL SECRETARY
COLLEGE LEVEL STUDENT UNION
JOINT SECRETARY CUM TREASURER

सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर
छात्रसंघ कार्यालय
उद्घाटन समारोह
शुक्रवार, 21 अप्रेल 2023